## खबर संक्षेप

### आरपीएल क्रिकेट: सतना कैरिज वैगन और रीवा वॉरियर्स की शानदार जीत





**सतना।** रेल मनोरंजन सदन के तत्वाधान में आयोजित आरपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता में आज रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहले मैच में सतना कैरिज वैगन ने कमर्शियल टीम को 5 विकेट से शिकस्त दी। कमर्शियल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 110 रन बनाए,जिसमें दिनेश ने 24 रन का योगदान दिया। कैरिज वैगन के नीरज कुमार ने घातक गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट झटके। जवाब में सनी यादव के 46 रनों की मदद से कैरिज वैगन ने 12वें ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। नीरज कुमार को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। दूसरे मैच में रीवा वॉरियर्स ने मां शारदा क्लब मैहर पर 10 विकेट से एकतरफा जीत दर्ज की। मैहर की टीम मात्र 65 रनों पर सिमट गई,जिसे रीवा वॉरियर्स ने केवल 3 ओवरों में बिना कोई विकेट खोए हासिल कर लिया। निखिल कुमार (30 रन,2 विकेट) को 'मैन ऑफ द मैच' दिया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में कृतेष सिंह,डॉ.पुष्पेंद्र सिंह और डॉ.योगेश शर्मा उपस्थित रहे।

### सेवादल प्रदेश अध्यक्ष के मैहर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत



**मैहर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष अवनीश भार्गव के प्रथम मैहर नगर आगमन पर जिला अध्यक्ष धर्मेश घई,सेवादल जिला अध्यक्ष अरुण तनय मिश्र के कुशल नेतृत्व में कांग्रेस जनों व सेवा दल के साथियों द्वारा मैहर स्टेशन पर ऐतिहासिक स्वागत किया गया। शारदा देवी धाम पहुंचकर मां शारदा माता जी की पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की ।श्री भार्गव के58वे जन्मदिन पर सुंदर कांड पाठ अनुष्ठान का आयोजन वरिष्ठ समाजसेवी कामता प्रसाद मिश्र के निज निवास पर किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष धर्मेश घई,सेवा दल जिला अध्यक्ष अरुण तनय मिश्र,वरिष्ठ कांग्रेस नेता केशव प्रसाद चौरसिया,महेंद्र पटेल,डॉक्टर विष्णु दत्त,चूड़ामणि बढोलिया,प्रदेश सचिव राम प्रताप कुशवाहा, ब्लॉक अध्यक्ष रमेश प्रजापति,अमजद खान,जितेंद्र कुशवाहा,पूर्व ब्लाक अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी,अखंड प्रताप सिह,महेंद्र त्रिपाठी,पुष्पराज सिह की गरिमामयी उपस्थित रही। श्री भार्गव के 58 वे जन्मदिन मनाते हुए शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट कर मां शारदा से सतायु की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में श्री भार्गव ने कहा कि आज का दिन मेरे जीवन का अविस्मरणीय दिन रहेगा। आज मुझे ऐसे अवसर पर मां शारदा माता जी के चरणों में माथा टेकने का अवसर मिला ऐसे अवसर माता रानी की कृपा से ही संभव है।जिला/ब्लाक कमेटी केद्वारा आयोजित स्वागत सम्मान समारोह में श्री भार्गव कार्यालय पहुंचे जहां पर धर्मेश घई के गरिमामयी उपस्थिति में कांग्रेस जनों ने श्री भार्गव का भव्य स्वागत किया।

### हरदीकुटी आश्रम में श्रीराम यज्ञ 14 फरवरी से

**उमरियापान।** महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर उमरियापान के समीपस्थ हरदीकुटी आश्रम में अगामी 14 फरवरी से 24 फरवरी तक ब्रम्हचारी संतश्री कौशिल्या दास जी महाराज के सानिध्य में दस दिवसीय श्रीराम महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसकी जोर शोर से तैयारियां की जा रही है। आयोजन समिति के रामकृष्ण दीक्षित ने बताया कि पंडित ज्ञानजी महाराज बडीपोंडी के दिशा मार्गदर्शन में विधि-विधान से महायज्ञ होगा।

## विंध्य के महासंत स्वामी सच्चिदानंद महाराज ब्रह्मलीन,आज दी जाएगी वैदिक समाधि

# धारकुंडी आश्रम में उमड़ा श्रद्धा का जनसैलाब









**सतना।**

विंध्य अंचल की आध्यात्मिक चेतना के केंद्र,धारकुंडी आश्रम के संस्थापक और पूज्य संत परमहंस स्वामी सच्चिदानंद महाराज 102 वर्ष की आयु में ब्रह्मलीन हो गए हैं। उनके देवलोक गमन की सूचना मिलते ही समूचा विंध्य क्षेत्र शोक में डूब गया। महाराज श्री ने मुंबई के बदलापुर आश्रम में अंतिम सांस ली,जिसके बाद उनके पार्थिव शरीर को सड़क मार्ग से धारकुंडी लाया गया।

### अंतिम दर्शन के लिए उमड़ा भक्तों का रेला

रविवार दोपहर करीब 1:00 बजे जैसे ही स्वामी जी का पार्थिव शरीर धारकुंडी आश्रम पहुँचा,वहां मौजूद हजारों भक्तों की आँखें नम हो गईं। महाराज जी के अंतिम दर्शन के लिए न केवल सतना,रीवा,सीधी और सिंगरौली बल्कि उत्तर प्रदेश के मानिकपुर,इलाहाबाद,कर्वी और बांदा सहित देश भर से अनुयायी पहुंचे।मुंबई से धारकुंडी तक की इस अंतिम यात्रा में महाराज जी का पार्थिव शरीर करीब 130 वाहनों के काफिले के साथ लाया गया। जबलपुर,मैहर और अमरपाटन होते हुए जब काफिला धारकुंडी की ओर बढ़ा,तो सड़कों के दोनों ओर भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं।बड़ी सेमरिया से लेकर आश्रम तक के 30 किलोमीटर के मार्ग पर केवल 'स्वामी जी के जयकारे' गूंज रहे थे।

### मुख्यमंत्री और जनप्रतिनिधियों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

स्वामी सच्चिदानंद जी के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव रविवार अपराह्न हेलीकॉप्टर से धारकुंडी आश्रम पहुंचे। उन्होंने महाराज श्री के चरणों में पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल,राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी,सांसद गणेश सिंह, विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार,सिद्धार्थ कुशवाहा और पूर्व विधायक नीलांशु चतुर्वेदी सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने भी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी जी का जाना आध्यात्मिक जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

### प्रशासन की व्यापक व्यवस्थाएं

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। कमिश्नर बाबू सिंह जामोद,कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस और एसपी हंसराज सिंह खुद व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे थे। आश्रम परिसर और पहुंच मार्गों पर पुलिस बल,विशेष बटालियन और प्रशिक्षण इकाइयों के करीब 700 जवान तैनात किए गए।आश्रम से 5 किमी पहले ही वाहनों को रोकने के लिए पार्किंग बनाई गई थी। हेलीपैड सहित चार अलग-अलग स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई ताकि यातायात सुचारू रहे।

### आज दी जाएगी वैदिक समाधि

सोमवार को धारकुंडी आश्रम में ही महाराज जी को वैदिक विधि-विधान के साथ समाधि दी जाएगी। स्वामी जी ने अपने जीवनकाल में ही समाधि स्थल का चयन कर लिया था। आश्रम के निर्माणाधीन



मंदिर के गर्भगृह में उन्हें समाधिस्थ किया जाएगा। इस अवसर पर उनके गुरु-भाई और चुनार स्थित सतेषगढ़ आश्रम के संत स्वामी अड़गड़ानंद महाराज सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आए संत-महात्मा मौजूद रहेंगे। वर्तमान में आश्रम परिसर में भजन,पाठ और स्मरण सभा का दौर जारी है,जिससे पूरा वातावरण शोकमय और भक्तिमय बना हुआ है।

## नि:शुल्क मेडिकल कैंप में 70 रेलकर्मियों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण




**सतना।**

रेल मनोरंजन सदन सतना द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए स्टार सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से विशाल निःशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में लगभग 70 रेल कर्मचारियों और उनके परिजनों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। रेलवे के इतिहास में पहली बार आयोजित इस स्तर के शिविर में शहर के चार प्रसिद्ध विशेषज्ञ-डॉ. पुष्पेंद्र सिंह (मूत्र रोग),डॉ.मुलायम सिंह (हड्डी रोग), डॉ.अर्पिता सिंह (चर्म रोग) एवं डॉ.टंकेश्वर पटेल (बाल्य रोग)-ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर में बीपी, शुगर और ईसीजी जैसी जांचें मुफ्त की गईं,साथ ही अन्य जांचों पर 25% की छूट दी गई। सचिव यादवेंद्र सिंह और कोषाध्यक्ष नीरज राज ने मेडिकल टीम को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य रेल परिवार को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

## फूलों से सजी राह और नम आंखों से विदाई: ब्रह्मलीन हुए संत सच्चिदानंद महाराज





**मैहर।** मध्यभारत के प्रसिद्ध आध्यात्मिक केंद्र धारकुंडी आश्रम के संस्थापक,महान तपस्वी स्वामी परमहंस सच्चिदानंद जी महाराज 102 वर्ष की आयु में मुंबई में ब्रह्मलीन हो गए। उनके निधन की सूचना से देशभर के संत समाज और भक्तों में शोक की लहर दौड़ गई है। महाराज जी के पार्थिव शरीर को मुंबई से सड़क मार्ग द्वारा धारकुंडी आश्रम लाया गया। इस यात्रा के दौरान मैहर टोल प्लाजा पर एक अत्यंत भावुक दृश्य देखने को मिला। जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई की अगुवाई में भक्तों ने गुरुदेव के अंतिम दर्शन के लिए विशेष प्रबंध किए थे। पूरे मार्ग को फूलों से सजाया गया था।जैसे ही महाराज जी का वाहन पहुंचा, श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर उन्हें भावभीनी विदाई दी। भक्तों ने नम आंखों से अपने गुरु को अंतिम नमन किया। 'गुरुदेव अमर रहें' के जयघोष से समूचा क्षेत्र गुंजायमान रहा। महाराज जी का ब्रह्मलीन होना आध्यात्मिक जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है,किंतु उनके द्वारा दिखाया गया सेवा और साधना का मार्ग सदैव प्रेरणा देता रहेगा।

## यूजीसी बिल के समर्थन में बैठक,13 फरवरी को धरना-प्रदर्शन का निर्णय



**मैहर।**

शहर के मिलन गार्डन में एसी,एसटी एवं ओबीसी समाज के तत्वावधान में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला जनपद सदस्य देवदत्त सोनी की उपस्थिति रही,जिन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर आवाज उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया। देवदत्त सोनी ने कहा कि यूजीसी से संबंधित बिल समाज के लिए महत्वपूर्ण विषय है और इसके समर्थन में संगठित होकर शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात शासन-प्रशासन तक पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने सभी समाजजनों से 13 फरवरी को प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 13 फरवरी को धरना-प्रदर्शन कर संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं और कार्यक्रम को सफल बनाने की रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर दुर्गेश पटेल गोविंद पटेल बदन सिंह,बिरेंद सिंह कुसेड़ी,रविंद्र पटेल,गोविंद पटेल,बालेंद्र सिंह,नीलेद सिंह, नंदलाल साहू,बद्री कुशवाहा,अनिल बौद्ध,जितेंद्र बंसल, दयाराम कोल,अमृतलाल पटेल,विक्रम सूरवंशी, डी एन सिंह,विनोद रजक,हीरामन साहू,राजेंद्र सिह बबलू राजन सिंह पटेल,दुर्गेश पटेल,श्यामलाल सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। बैठक शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और सभी ने आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## पन्नीलाल चौक में बजट 2026 पर चर्चा: सांसद ने बताया आत्मनिर्भर भारत का आधार

**सतना।**



पन्नीलाल चौक व्यापारी संघ के सहयोग से आयोजित 'बजट चौपाल' में व्यापारियों ने बजट 2026 के प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद गणेश सिंह ने कहा कि यह बजट केवल आय-व्यय का ब्यौरा नहीं,बल्कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प है। उन्होंने युवाओं के लिए स्टार्टअप,कौशल विकास और तकनीकी क्षेत्र में किए गए विशेष प्रावधानों को मील का पत्थर बताया।भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि किसानों के लिए आधुनिक तकनीक और मध्यम वर्ग को दी गई टैक्स राहत से ग्रामीण व शहरी दोनों अर्थव्यवस्थाएं मजबूत होंगी। विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सतीश सूखेजा ने बजट को व्यापारी हितैषी बताते हुए इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। इस अवसर पर विमला पांडेय,सतीश सुखेजा,नवीन गुप्ता (मुन्ना भाई) सहित चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता ने किया। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि अधोसंरचना और डिजिटल इंडिया में निवेश से देश के विकास को नई गति मिलेगी।

## मैहर ने उचेहरा को हराकर क्रिकेट चैंपियनशिप जीती

### विजेता को 51 हजार एंव उप विजेता को 25 रुपयों की नगद राशि दी गई

**मैहर।**



अलाउद्दीन खॉ स्टेडियम मैहर में आज आयोजक फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब मैहर के तत्वाधान मैहर प्रीमियम लीग 2026 में खेले फाइनल मैच में मैहर ने उचेहरा को 63 रनों से पराजित कर चैंपियनशिप ट्राफी जीत ली। इस प्रथम टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। विजेता टीम को रुपए 51 हजार की नगद राशि और ट्रॉफी प्रदान की गई, वहीं उपविजेता टीम नरहेटी उचहेरा को रुपए 25 हजार नगद एवं रनर-अप कप देकर सम्मानित किया गया। फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए फ्रेंड्स क्लब मैहर की टीम ने निर्धारित 16ओवरों में 134रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी उचहेरा की टीम निर्धारित ओवरों में लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी और 71 रनों से मुकाबला हार गई। मैच के दौरान दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। फाइनल मुकाबले में पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी रहे जब कि अध्यक्षता जिला जनपद अध्यक्ष राम खेलावन कोल ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने,कुलदीप तिवारी,सनत गौतम, मुनीष चौरसिया,दिनेश मौर्य,अभिषेक जैसवाल,मनोज सोनी,संजय जादवानी,इंद्रजीत मैनी,रावेंद्र सर,रमेश विश्वकर्मा,राम कुमार रजक,विक्रम रजक,अल्ताब खान,मुकेश श्रीवास्तव लक्ष्मी अग्रवाल,गुड्डू बड़गइया, डिपल्स पांडे,पंकज बदौरिया,महेंद्र चौरसिया,विकास मौर्या,मोहित कश्यप,छोटू कुशवाहा,सुभम पांडे, अतुल तिवारी,भरत भूषण,भरत ति वा री , य श रा ज , नि ति न ताम्रकार,सुनील आहूजा,लक्ष्मी अग्रवाल, दिलीप त्रिपाठी,सूयप्रकाश चौरसिया एवं विकास तिवारी सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में आयोजक कुलदीप तिवारी एवं गुड्डू बड़गइया की विशेष भूमिका रही। दोनों आयोजकों ने खिलाड़ियों एवं दर्शकों के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं जिसकी सभी अतिथियों और खेल प्रेमियों ने सराहना की। अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन रंगारंग माहौल में हुआ और खेल प्रेमियों ने फाइनल मुकाबले का भरपूर आनंद लिया।

## प्राचीन हनुमान मंदिर के पास स्थित कुआं कचरे से पटा, श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी

**मैहर।**



नगर के बीचोंबीच स्थित सरकारी रेस्ट हाउस के बगल में बने प्राचीन हनुमान मंदिर के पास का कुआं इन दिनों गंदगी और कचरे से पटा हुआ है।स्थानीय लोगों के अनुसार कुएं में प्लास्टिक,कचरा और अन्य अपशिष्ट फेंके जाने से पानी पूरी तरह दूषित हो चुका है जिससे आसपास के क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है और श्रद्धालुओं को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि यह स्थान मंदिर के पास होने के कारण रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां से गुजरते हैं,लेकिन कुएं की खराब स्थिति की ओर किसी का ध्यान नहीं जाता है जिससे क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि इस संबंध में पहले भी शिकायत की जा चुकी है लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। नागरिकों ने शासन-प्रशासन और नगर पालिका से मांग की है कि जल्द से जल्द कुएं की सफाई कराकर पानी को स्वच्छ किया जाए जिससे श्रद्धालुओं और आसपास के लोगों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। इसके साथ ही क्षेत्र में नियमित साफ-सफाई और कचरा प्रबंधन की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने की अपील की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते सफाई नहीं कराई गई तो यह गंदगी बीमारी फैलने का कारण बन सकती है। इसलिए प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### कुदुआ की रोटी खाने से तीन लोग बीमार, जिला अस्पताल पन्ना रेफर



**अमानगंज।** क्षेत्र के ग्राम देवरा में कुदुआ की रोटी खाने के बाद एक ही परिवार के तीन लोग अचानक बीमार हो गए। बीमारों में तुलसा पति रामेश्वरी विश्वकर्मा उम्र 50 वर्ष, रामेश्वरी विश्वकर्मा उम्र 55 वर्ष निवासी देवरा तथा एक 5 वर्षीय बालक शामिल है। जानकारी के अनुसार कुदुआ की रोटी खाने के कुछ समय बाद सभी को उल्टी-दस्त, चक्कर व पेट दर्द जैसी शिकायतें होने लगीं। परिजनों द्वारा तत्काल सभी को अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। स्थिति गंभीर होने पर तीनों मरीजों को जिला चिकित्सालय पन्ना रेफर कर दिया गया है। फिलहाल सभी का इलाज जारी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मामले की जानकारी लेकर आवश्यक जांच की जा रही है। यह पूरा मामला रविवार की दोपहर 3:00 का बताया जा रहा है।

### लापता बालिका को पुलिस ने गेसाबाद से किया दस्तयाब

**अमानगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बलगहा से लापता हुई 17 वर्षीय बालिका को अमानगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गेसाबाद से सकुशल दस्तयाब कर लिया है। पुलिस को बालिका के लापता होने की सूचना मिलते ही टीम गठित कर संभावित स्थानों पर तलाश शुरू की गई। लगातार खोजबीन के बाद पुलिस ने बालिका को गेसाबाद से सुरक्षित बरामद कर परिजनों को सूचना दी। इस कार्रवाई में सब इंस्पेक्टर प्रीतम सिंह, महिला प्रधान आरक्षक 233 जानकी कोंदर, आरक्षक 591 तुलसी, तथा आरक्षक 661 मुनेंद्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस की तत्परता से बालिका को सुरक्षित वापस लाने पर क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है। मामले की जानकारी रविवार की शाम 5:00 बजे प्राप्त हुई।

### गुमशुदा महिला को पुलिस ने किया दस्तयाब,

**अमानगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भरतपुर बंदी ग्राम निवासी 22 वर्षीय गुमशुदा महिला को अमानगंज पुलिस ने सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। रविवार शाम करीब 5:00 बजे अमानगंज पुलिस द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि महिला का नाम भारती पति रामनाथ आदिवासी है, जो अगस्त माह में कहीं लापता हो गई थी। गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस द्वारा लगातार तलाश की जा रही थी। पुलिस टीम की सक्रियता से महिला को अमानगंज क्षेत्र से दस्तयाब किया गया और आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया। इस पूरी कार्यवाही में महिला प्रधान आरक्षक जानकी कोंदर की सराहनीय भूमिका रही।

### समय-सीमा में भुगतान सुनिश्चित करें- कमिश्नर



**पन्ना।** संभागायुक्त अनिल सुचारी ने संभाग के समस्त शासकीय कार्यालयों को निर्देशित किया है कि सेवानिवृत्त एवं दिवंगत शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों, देय स्वत्वों एवं अनुकम्पा नियुक्ति से संबंधित सभी लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण किया जाए। शासकीय कार्यालयों में कार्यरत व सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतन, भत्तों, पेंशन एवं अन्य स्वत्वों के निराकरण हेतु एक विशेष अभियान संचालित किया गया था। निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया था कि कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान के साथ-साथ लंबित वेतन-भत्ते, वेतनवृद्धि, वेतन निर्धारण, सेवा सत्यापन, सेवा पुस्तिका संधारण, समूह बीमा योजना, ग्रेच्युटी, जीपीएफ, डीपीएफ, एनपीएस का अंतिम भुगतान, पेंशन प्रकरणों एवं अनुकम्पा नियुक्ति से संबंधित जानकारी गूगल शीट में अनिवार्य रूप से प्रविष्ट की जाए।

## 2 आरोपी गिरफ्तार, चोरी की मोटर, मोटर साइकिल व औजार जप्त

# देवेंद्रनगर थाना क्षेत्र में सिंचाई मोटर चोरी का खुलासा

**पन्ना।**

जिले के देवेन्द्रनगर थाना में दिनांक 08/02/2026 को फरियादी प्रमोद कुमार बागरी पिता बैजनाथ बागरी, उम्र 38 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 11, देवेंद्रनगर, थाना देवेंद्रनगर, जिला पन्ना (म.प्र.) द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनके खेत, जो बड़वारा मोड़ से जिगदहा रोड के किनारे तालाब के पास स्थित है, वहां से सिंचाई हेतु लगी मोनो ब्लॉक मोटर 3 एच.पी. को दिनांक 28/29.01.2026 की दरम्यानी रात किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। उक्त रिपोर्ट पर थाना देवेंद्रनगर में अपराध क्रमांक 65/2026, धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान



एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पन्ना श्री एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देवेंद्रनगर उप निरीक्षक संतोष यादव के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा विवेचना के दौरान आसपास के लोगों से पूछताछ की गई तथा क्षेत्र में मुखबिर सक्रिय किए गए। मुखबिरों से प्राप्त सूचना के आधार पर यह जानकारी मिली कि घटना की रात दोनों आरोपी तालाब के आसपास देखे गए थे। पुलिस द्वारा संदेह के आधार पर दोनों आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने मोटर चोरी की घटना स्वीकार की। आरोपियों ने बताया कि दिनांक 28/29.01.2026 की रात्रि लगभग 02रू00 बजे, वे मोटर साइकिल से बड़वारा मोड़ के सामने जिगदहा रोड स्थित तालाब के किनारे पहुंचे, जहां सिंचाई के लिए लगी हरे रंग की टाटा कंपनी की मोटर का पाइप आरी ब्लेड से काटकर मोटर को अलग किया गया। इसके पश्चात मोटर को मोटर साइकिल में रखकर चोरी कर देवेंद्र उर्फ राजाबाबू राव के घर ले जाकर छिपाया गया। आरोपी के घर जाकर तलाशी लेने पर चोरी गई सिंचाई मोटर बरामद की गई, जिसे विधिवत जप्त किया गया। इस प्रकार चोरी की घटना का सफल खुलासा किया गया।


**गिरफ्तार आरोपी**- 1. प्रदीप कुशवाहा पिता बिहारी कुशवाहा, निवासी बमरी, थाना देवेंद्रनगर

2. देवेंद्र उर्फ राजाबाबू राव, निवासी वार्ड क्रमांक 13, बमरी, देवेंद्रनगर

**जप्त सामग्री**- चोरी की गई मोनो ब्लॉक मोटर, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल तथा आरी ब्लेड,

**सराहनीय भूमिका**- उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी देवेंद्रनगर उप निरीक्षक संतोष यादव, प्र.आर. धीरेन्द्र सिंह, लक्ष्मी नारायण यादव, शंकर बुन्देला, आर. बृजेंद्र रैकवार, रोहित बागरी, अमित बागरी, मृगेंद्र तिवारी, आर चालक पुष्पेंद्र जाट की सराहनीय भूमिका रही।

# भक्तिभाव के साथ हुआ श्रीमद्भागवत कथा का समापन, कल होगा विशाल भंडारा





### यदुवंश के संहार और मार्कण्डेय जी की कथा सुन भावुक हुए श्रद्धालु, आयोजक राजकुमार पाण्डेय ने की भंडारे में शामिल होने की अपील

**पन्ना।**

स्थानीय केंद्रीय विद्यालय के पीछे, श्रीमती सुनीता पाण्डेय एवं श्री राज कुमार पाण्डेय जी के निवास स्थान पर आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का रविवार, 8 फरवरी 2026 को मंगलमय समापन हुआ। कथा के अंतिम दिन विख्यात कथा व्यास श्री राम दुलारे पाठक जी ने अपनी ओजस्वी वाणी से श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में सराबोर कर दिया। कथा व्यास ने अंतिम दिवस के प्रसंगों का सजीव वर्णन करते हुए भक्तों को जीवन का सार समझाया-उद्धव संवाद एवं सुदामा चरित्ररू पाठक जी ने भगवान कृष्ण और उनके परम मित्र सुदामा के प्रेम का वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रोताओं की आँखें छलक आईं। उन्होंने बताया कि सच्ची मित्रता और निस्वार्थ भक्ति ही ईश्वर को प्राप्त करने का एकमात्र मार्ग है। भागवत के अंतिम अध्यायों में यदुवंश के संहार की कथा सुनाते हुए व्यास जी ने वैराग्य और समय की गतिशीलता पर प्रकाश डाला। कथा के अंत में मार्कण्डेय ऋषि के तप और भगवान की माया के दर्शन की विस्तार से चर्चा की गई। सात दिनों तक चली इस ज्ञान गंगा के समापन के बाद, कल 9 फरवरी 2026 को कार्यक्रम की पूर्णाहुति होगी। कार्यक्रम हवन-पूजन, विशाल यज्ञ एवं भव्य भंडारा। मुख्य यजमान राज कुमार पाण्डेय जी ने पन्ना नगर के समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं और श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पधारकर प्रसाद ग्रहण करें और पुण्य के भागीदार बनें।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर शिक्षकों ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन





**पन्ना।**

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मप्र के आह्वान पर दिनांक 8 फरवरी 2026 को पन्ना के आजाद पार्क, इन्द्रपुरी कॉलोनी में पुरानी पेंशन सहित अन्य मांगों को लेकर दोपहर 12 बजे से धरना दिया गया। जिलाध्यक्ष विद्याचरण शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस आंदोलन में जिले भर से बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहभागिता कर अपनी एकता एवं संघर्ष शक्ति का परिचय दिया। आजाद अध्यापक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रघुवीर तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस रैली एवं ज्ञापन कार्यक्रम में सभी शिक्षक संगठनों के जिलाध्यक्ष सम्मिलित रहे। वक्ता के रूप में राजेश मिश्रा, कमलेश त्रिपाठी, रवि डनायक, राकेश मिश्रा, जीतेन्द्र शर्मा एवं मीना तिवारी ने शिक्षकों की सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पुरानी पेंशन योजना की बहाली, ई-अटेंडेंस का विरोध, नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता सहित अन्य शिक्षक हितों को लेकर जोरदार आवाज उठाई। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक समाज अब अपने अधिकारों के प्रति सजग है और जब तक न्याय नहीं मिलेगा, आंदोलन लोकतांत्रिक तरीके से जारी रहेगा। रैली में उपस्थित सभी शिक्षकों ने एक स्वर में पुरानी पेंशन बहाली का संकल्प दोहराया। दोपहर 3 बजे शिक्षकों ने आजाद पार्क से पैदल मार्च निकालते हुए अपनी मांगों को लेकर उद्घोष करते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर माननीय मुख्यमंत्री महोदय के नाम सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से शासन से शिक्षकों की लंबित मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की गई।कार्यक्रम में मुख्य रूप से विनोद पाण्डेय, नागेंद्र तिवारी, राधा लोधी, साधना रैकवार, सुधा दुबे, ज्योति गुप्ता, अरुण तिवारी, अनिल दीक्षित, खुशी लाल साहू, रामपाल सिंह, लालमणि चौधरी, तनका प्रजापति, प्रेमा प्रजापति, रामनेश त्रिपाठी, अश्वनी तिवारी संतोष पटेल, गोकुल बैन, प्रभुलाल आदिवासी, आराम सिंह, राकेश सेन, बंसू पाल, अभिषेक दीक्षित, ललित किशोर द्विवेदी, नीरज पटेल, कमलेश पाल, चंद्रभान यादव, मलखान सिंह सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

# दक्षिण पन्ना वनमण्डल की मोहंद्रा रेंज के अनुभूति नेचर कैंप्स का सफल आयोजन





### पन्ना के असली हीरे पहल अंतर्गत आमंत्रित मध्य प्रदेश दसवीं बोर्ड टॉपर अंजली कुशवाहा ने बच्चों को समझाया रिवीजन का महत्व

**पन्ना।**

दक्षिण पन्ना वनमंडल के मोहंद्रा वन परिक्षेत्र में दिनांक 6 एवं 7 फरवरी 2026 को अनुभूति कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों में वन, वन्यप्राणी एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। 6 फरवरी को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिमरिया के 120 विद्यार्थियों ने भाग लिया। वहीं 7 फरवरी को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलपुरा के 120 विद्यार्थियों ने सहभागिता की, जिसमें जिला पंचायत अध्यक्षा मीना राजे परमार ने मुख्य अतिथि के तौर पर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। सरपंच विशाल चौधरी एवं जनपद पंचायत पवई के सदस्य धन सिंह भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वनमंडल अधिकारी दक्षिण पन्ना अनुपम शर्मा ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए क्विज के माध्यम से वन एवं वन्यप्राणी संरक्षण का महत्व समझाया। इस अवसर पर उपवनमंडल अधिकारी अक्षत जैन एवं प्रशिक्षु आईएफएस अधिकारी पंकज चौधरी भी उपस्थित रहे। बच्चों को कोपन धाम के निकट नेचर ट्रेल पर भ्रमण कराया गया, जहां दूरबीन के माध्यम से पक्षी दर्शन कराया गया तथा विभिन्न वृक्षों और पौधों की पहचान के लिए तख्तियां लगाकर उन्हें प्रकृति से जोड़ने का प्रयास किया गया। विद्यार्थियों को विंध्य हर्बल के प्राकृतिक उत्पादों से युक्त अनुभूति किट (शहद, ग्रोविट, आंवला कैंडी) भी प्रदान की गई, जिससे स्थानीय वन उत्पादों के महत्व से परिचित कराया गया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को वन क्षेत्र में किए जाने वाले पौधरोपण कार्यों की जानकारी दी गई तथा शिक्षाप्रद खेलों और प्रस्तुतियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। पूरा कार्यक्रम प्लास्टिक मुक्त एवं इको-फ्रेंडली थीम पर आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों को पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली के लिए स्ट्रिंग बैग्स, बांस टूथब्रश एवं नीम कंघी वितरित की गईं। "पन्ना के असली हीरे" पहल के अंतर्गत मध्य प्रदेश दसवीं बोर्ड टॉपर अंजलि कुशवाहा द्वारा बच्चों को प्रेरित किया गया, जिससे विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का आयोजन रेंज ऑफिसर राहुल मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में शासकीय मास्टर ट्रेनर के रूप में जगदीश अहिरवार एवं रामदयाल सूत्रकार सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षकगण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पंचायत हों या शासकीय विद्यालय ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर लग रहे प्रश्न चिन्ह

**पन्ना।**

शासकीय विद्यालयों में जहां रनिंग वाटर की व्यवस्था का सवाल वहीं शौंचालयों को लेकर दस वर्षों के बाद भी विद्यालयों में कारगर व्यवस्था को लेकर नहीं पंचायतो के ताले ही प्रतिदिन अन्य शासकीय कार्यालयों की तर्ज पर नहीं खुल पा रहे आखिर ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत ही शासकीय कार्यालय फिर भी संचालन में कोताही क्यों जिले में तत्कालीन कलेक्टर संजय कुमार मिश्र के समय पर वहीं तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संघप्रिय ने पंचायतों के कार्यालयों का संचालन प्रतिदिन कराये जाने को लेकर दिषा दी थी वह आज फिर कहीं न कहीं बीमारू व्यवस्था बन गई। वर्तमान समय में पंचायतों के ताले आखिरकार फिर नजर आने लगे। प्रतिदिन पंचायत कार्यालय नहीं खुलने से आम जनता की योजनायें की दिषा जो कल्याणकारी क्रियान्यन को लेकर मानी जाती है वह कहीं न कहीं कागजी कार्यवाही में दफन है। इतना ही नहीं ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत ही प्रमुख कार्यालय होता है वह भी प्रतिदिन न खुलना अन्य कार्यालयों की तरह आखिर क्यों? वहीं सवाल आज भी यह बना हुआ है कि पंचायतों की बैठकें प्रति माह क्यों नहीं कराई जाती है जबकि पंचायत एक निकाह है। जहां उप सरपंच के चुनाव का पंचों को बुलाकर बैठक कराने के बाद सायद ही किसी पंचायत में पंचों की बैठक कराई जाती हो वहीं ग्राम सभाओं का भी हाल फर्जीकरण को लेकर अब कैसे पंचायत की कार्यप्रणाली को पारदर्षी माना जाये। वहीं शासकीय विद्यालयों की बात करें तो आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में रनिंग वाटर की व्यवस्था नहीं हैण्ड पम्पों के सहारे अधिकत्तर विद्यालय वहां भी हैण्ड पम्प खराब हो गये तो पेयजल व्यवस्था को लेकर सवाल बन गये। इतना ही नहीं शौंचालयों की व्यवस्था भी दसों वर्षों बाद भी पिद्यालयों मे माकूल नहीं हो पाई। आखिर यह कैसी कार्यप्रणाली जहां कई बार शौंचालयों के निर्माण को लेकर पहल की जाती हैं पर कारगर व्यवस्था क्यों नहीं आखिर हमारे जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में भले ही शासकीय कार्यालय संचालित किये जाते है पर विद्यालयों को छोड़कर सायद ही प्रतिदिन कोई कार्यालय खुलता हो चाहे वह पंचायत हो या आंगनवाड़ी। फिर भी सरकार से इन्हें पूरे माह का वेतन जिम्मेदारों को प्रदान किया जाता है। व्यवस्थाओं के नाम पर बिल्डिंग जरूर है वहीं किसी तरह से काम चलाउ व्यवस्था को ही इनकी कृपा मानी जा रही है। आखिर ग्रामीण क्षेत्रों में कब कानून का पालन कराये जाने को लेकर जिम्मेदारों को अपने दायित्व निर्वाहन को लेकर सजग किया जायेगा।

# गुनौर विधानसभा के लुहारगाव मंडलम में पंचायत कमेटियों का हुआ गठन



**गुनौर** - कल पन्ना जिले की विधानसभा गुनौर 59 के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुनौर अंतर्गत लुहरगांव मंडलम मे ग्राम पंचायत सिठौली, व ग्राम पंचायत लुहारगांव की पंचायत कमेटी का गठन किया गया मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी व जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के निर्देशन पर दिनांक 08 फरवरी को जिला संगठन प्रभारी राजभान सिंह व जिला अध्यक्ष अनीश खान के साथ विधानसभा गुनौर प्द के प्रभारी आदरणीय अशोक कुमार मिश्रा की उपस्थिति मे सर्व प्रथम परम पूज्य बापू जी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर नव नियुक्त मंडलम अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, बीएलए 2, का परिचय कराकर सभी ग्राम वासियों की आम सहमति से सामाजिक समीकरण का ध्यान रखते हुए ग्राम पंचायत लुहारगांव व ग्राम पंचायत सिठौली की पंचायत कमेटी का गठन किया गया। कार्यक्रम उपरांत नगर परिषद गुनौर के वार्ड क्रमांक 03 में श्री गोरे लाल प्रजापति के घर मे हाल ही मे हुई आगजनी की घटना में उनकी पत्नी श्याम बाई की जलकर मौत हो गई थी व पति घायल हो गए थे, पीड़ित परिवार से जिला अध्यक्ष अनीस खान ने मिलकर पुलिस अधीक्षक पन्ना से फोन पर बात कर निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाने व राहत राशि दिलाए जाने का भरोसा दिलाया, कार्यक्रम मे संगठन प्रभारी राजभान सिंह, अनीश खान,अशोक मिश्रा, राजबहादुर पटेल, सुरेंद्र सिंह ,ब्लॉक अध्यक्ष अरुण कुमार गौतम जीवनलाल सिद्धार्थ, कुलदीप सिंह डिघौरा, मानवेंद्र सिंह, सेवालाल पटेल, गणेश त्रिपाठी, प्रमोद त्रिपाठी, राजाजी , रूप नारायण द्विवेदी, जितेन्द्र सिंह ,केशरी अहिरवार, रविन्द्र मिश्रा, श्रवण तिवारी,विष्णु शुक्ला बलीराम त्रिपाठी, प्रमोद सिंह राजपूत, मनोज पांडे, सौरभ गौतम रामचरण लोधी, सोमेश चौधरी,रामाधार लोधी,हीरालाल चौधरी,भजन पटेल, सुब्राज सिंह, हुकम लाल ढीमर, कमलेश पुरवार, श्यामू गुप्ता,राजेंद्र सिंह यादव, सुदीप कुशवाहा, ब्योमेश पटेल, लोकेश पटेल बालचंद्र पटेल राममिलन चौधरी सहित सैकड़ों की संख्या मे कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सोशल मीडिया में वायरल खबर चर्चा का विषय

**पन्ना।**

ग्राम पंचायत दिया जहां जांच के नाम पर दस्तावेज गायब बताने के के साथ-साथ वहीं शासकीय राषि डकारे जाने को लेकर जनपद सीईओ व जिला पंचायत सीईओ को शामिल होने का आरोप आखिर कैसे जिस पर चर्चायें तरह-तरह की व्याप्त

जिले में आखिरकार पंचायतों की कार्य प्रणाली के साथ-साथ जहां अच्छे कार्यों को लेकर जिस ग्राम पंचायत के सरपंच को विगत 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस पर तत्कालीन सीईओ जिला पंचायत संघप्रिय के कार्यकाल के समय जिला मुख्यालय के मुख्य समारोह में गणतंत्र दिवस में परेड ग्राउण्ड में सम्मान से नवाजा गया हो ऐसी ग्राम पंचायत दिया में ग्राम पंचायत के जांच के नाम पर दस्तावेज गायब होना वहीं शासकीय राषि डकारे जाने को लेकर सीईओ जनपद व



सीईओ जिला पंचायत के ऊपर जो आरोप काहीं न कहीं शामिल होने का खबर में सोषल मीडिया में जो लगाया गया जो अपने आप में संगीन सवाल बन गया है आखिरकार पंचायत की कार्यप्रणाली के साथ-साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारियों पर जिस तरह का आरोप लगाया गया यह अपने आप में चर्चा का विषय है आखिरकार जमीनी हकीकत को लेकर क्या यह पंचायत कहीं न कहीं गुटवाजी व पूर्व सरपंच के द्वारा जो ज्ञापनों को दिये जाने को लेकर भी चर्चायें व्याप्त है। सवाल यह उठता है कि पंचायतो में जहां एक अच्छे कार्य करने की दिषा तय करने को लेकर जिस सरपंच को सम्मान से नवाजा गया हो उस पंचायत का नाम भ्रष्टाचार की लकीरों में खीचकर चर्चा का विषय क्यों? क्या जिम्मेदार इस पर गौर करेगें। जमीनी हकीकत कब परखी जायेगी या निराधार आरोप है या आरोप ही गलत है तथ्यात्मक नहीं तो फिर यह सब क्यों? क्योंकि जिस ग्राम पंचायत को सम्मान से नवाजा गया हो उस पर इस तरह के हालात ही कहीं न कहीं सवाल खड़े कर रहे है। वहीं सूत्रों की माने तो पंचायत राज्य दिवस के दिन भी जिला पंचायत से सम्मान से नवाजा गया। या तो यहां यह पंचायत कहीं न कहीं आपसी गुटबाजी का षिकार हो रही है या फिर सम्मानों पर ही सवाल खड़े हो रहे है दूसरी तरफ अधिकारियों के ऊपर भी आरोप लगाये जाना कहां तक लाजमी आखिर कब पारदर्षिता को लेकर की जायेगी पहल ताकि मिथ्या आरोपों का हो खुलासा। या फिर वास्तविकता में आरोप सही तो पारदर्षिता लाई जाये सामने। इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ से बात की गई आखिर यह क्या सब दास्ता है जहां शासकीय राषि डकारे जाने आरोप को लेकर जिस पर सीईओ जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी का कहना सभी आरोप निराधार है।

## खबर संक्षेप



### फोरलाइन पर 7 किलो गांजा के साथ कार पकड़ी, एक आरोपी गिरफ्तार

छतरपुर। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लग्जरी कार से 7 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने रुद्राक्ष होटल के सामने फोरलाइन पर कार को रोका और उसमें छिपाकर रखे गए गांजे को बरामद किया। पुलिस के अनुसार विक्रमपुर निवासी बृजेश कुशवाहा सहित चार लोग कार में सवार होकर तेज रफ्तार से जा रहे थे। पुलिस ने पीछा कर कार को रोक लिया। मौके पर बृजेश कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि अन्य तीन आरोपी मौके से फरार हो गए। फरार आरोपियों की तलाश जारी है। कार से कुल 7 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि नशा तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### भडकाऊ बयान देने बाला शिवम साहू को पुलिस ने भेजा जेल

**बिजावर।** सोशल मीडिया पर पिछले कुछ दिनों से गाली-गलौज और आपत्तिजनक टिप्पणियों के माध्यम से सनसनी फैलाने वाले युवक शिवम साहू को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। खुद को मानसिक रूप से अस्वस्थ बताने वाला यह युवक लगातार समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों और पुलिस प्रशासन के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर रहा था। शिवम साहू नामक इस युवक ने हाल ही में कई वीडियो जारी किए थे, जिनमें वह बिजावर विधायक बबलू शुक्ला और उनके पुत्र के खिलाफ अत्यंत अभद्र और अश्लील भाषा का प्रयोग करता नजर आया। युवक यहीं नहीं रुका, उसने मध्य प्रदेश की मोहन सरकार, बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, यहाँ तक कि अपने सगे चाचा को भी अपनी बयानबाजी का निशाना बनाया। ताजा वायरल वीडियो में युवक बिजावर डीएसपी हर्ष राठौर का नाम लेते हुए पुलिस प्रशासन के विरुद्ध भी जहर उगलता दिख रहा है। वीडियो में वह किसी जहरीली वस्तु (दवाई) का सेवन करते हुए भी दिखाई दे रहा है, जो समाज में गलत संदेश और सनसनी फैलाने का प्रयास माना जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि किसी को भी सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर शांति भंग करने या किसी की छवि धूमिल करने की अनुमति नही दी जाएगी।

### शातिर चोर ने चोरी के बाद छोड़ा भड़काऊ नोट, पुलिस ने किया गिरफ्तार



छतरपुर। सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत सटई रोड स्थित एक स्टेशनरी दुकान में हुई चोरी का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने शातिर चोर अखिलेश लोधी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने न केवल ताला तोड़कर चोरी की, बल्कि पुलिस को गुमराह करने और भ्रम फैलाने के लिए नोटबुक के कागज पर भड़काऊ बातें भी लिखकर छोड़ दी थीं। पुलिस के अनुसार आरोपी ने दुकान का ताला तोड़कर शटर खोलकर वारदात को अंजाम दिया। चोरी के बाद उसने जानबूझकर भड़काऊ नोट छोड़ा ताकि जांच की दिशा भटक सके और माहौल बिगाडने की कोशिश हो। सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी की पहचान हुई। अखिलेश लोधी पर जबलपुर, दमोह, पन्ना और नरसिंहपुर जिलों में कुल 9 से अधिक चोरी के मामले पहले से दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने चोरी की गई नगद राशि बरामद कर ली है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। थाना सिविल लाइन पुलिस की टीम ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए चोरी का खुलासा किया। मामले की जांच जारी है और पुलिस अन्य संभावित वारदातों की छानबीन कर रही है।

### युवती लापता, परिजनों ने दर्ज की शिकायत

**ईशानगर।** ईशानगर निवासी युवती अंजलि अहिरवार के 28 जनवरी 2026 से अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। युवती के गायब होने से परिवार वाले गहरे सदमे और चिंता में हैं। परिजनों ने कई दिनों तक खुद खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने ईशानगर थाना पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

# गुण्डा, निगरानी बदमाशों, हिस्ट्रीशीटरों को थाने बुलाकर दिए गए निर्देश




**लवकुशनगर।**

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जिले में अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से छतरपुर पुलिस द्वारा समस्त थाना-चौकी क्षेत्रों में गुंडा, निगरानी बदमाशों, जेल रिहाई एवं हिस्ट्रीशीटरों की नियमित निगरानी की जा रही है।

इसी क्रम में जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में चिन्हित गुंडा बदमाशों, हिस्ट्रीशीटरों, जेल रिहाई एवं निगरानी में रखे गए व्यक्तियों को थानों में उपस्थित कर आवश्यक समझाइश दी गई। कुछ लिस्टेड बदमाश वर्तमान में जेल में निरुद्ध या जिले से बाहर हैं, जिनकी जानकारी भी एकत्रित की गई। क्षेत्र के गुंडा निगरानी हिस्ट्रीशीटर बदमाशों से संबंधित जानकारी संबंधित क्षेत्र की बीट एवं माइक्रोबीट पुस्तिका में अंकित की गई। नए चिन्हित बदमाशों से संबंधित जानकारी बीट पुस्तिका एवं गुंडा रजिस्टर में प्रविष्टि की गई। चिन्हित किए गए बदमाशों की वर्तमान में गतिविधि, समाज एवं सोशल मीडिया में क्या व्यवहार है, भ्रमण कहां-कहां एवं कार्य शैली कैसी है, चेक किया गया।

थानों में बुलाए गए चिन्हित व्यक्तियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि वे कानून का पालन करें, क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अशांति, उपद्रव या दहशत का माहौल निर्मित न करें। उनके द्वारा ऐसे करने से उनके परिवार जनों पर भी असर पड़ेगा। अपराधों से दूर रहें, शांति व्यवस्था भंग करने या आपराधिक गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर उपस्थित चिन्हित व्यक्तियों से शांतिपूर्ण जीवन जीने एवं अपराध से दूर रहने की शपथ भी दिलवाई गई।



संत रविदास महाराज की मूर्ति तोडने पर आक्रोश

## सिटी कोतवाली में भीड़ ने किया प्रदर्शन

**छतरपुर।**

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के हमा गांव में संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की मूर्ति के खंडित किए जाने की घटना ने इलाके में तनाव पैदा कर दिया है। रविवार दोपहर करीब 12 बजे बड़ी संख्या में ग्रामीण और भीम आर्मी के कार्यकर्ता सिटी कोतवाली पहुंचे और थाना प्रभारी से आरोपियों के खिलाफ तत्काल और कड़ी कार्रवाई की मांग की।

घटना के अनुसार बीती रात अज्ञात व्यक्तियों ने गांव में स्थित संत रविदास जी महाराज की प्रतिमा को तोड़ दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के ही जीतेन्द्र यादव नामक व्यक्ति ने यह कृत्य किया और उसी रात मोहल्ले में जाकर गाली-गलौज भी की। भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष संतोष रैदास ने बताया कि मूर्ति को खंडित कर दिया गया है और घटना के 24 घंटे बीत जाने के बावजूद अभी तक किसी आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके विरोध में लोगों को एकत्र होकर कोतवाली पहुंचना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि आरोपियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो एसपी कार्यालय के समक्ष चक्काजाम और धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि निष्पक्ष जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्य शाखा समेत ज्यादातर मशीनें खाली, लोग परेशान




**छतरपुर।**

शहर में बैंकिंग सेवाओं की बदहाली ने आमजन को बुरी तरह परेशान कर दिया है। भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा सहित शहर के अधिकांश एटीएम इन दिनों कैश के अभाव में शो-पीस बनकर रह गए हैं। एटीएम मशीनों में नकदी न होने से ग्राहकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी नाराजगी चरम पर पहुंच गई है। जहां एसबीआई की मुख्य शाखा में कई एटीएम मशीनें लगी हैं, वहां भी कैश उपलब्ध नहीं है। दूर-दराज से आए ग्राहक और स्थानीय निवासी जब सबसे विश्वसनीय मानी जाने वाली मुख्य शाखा के एटीएम से भी निराश होकर लौटे, तो उनका गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने बैंक प्रबंधन की इस लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई। एक ग्राहक ने मौके पर कहा, जब मुख्य शाखा के एटीएम में ही पैसे नहीं हैं, तो यह प्रबंधन की घोर लापरवाही है। हमें अपने ही पैसे निकालने के लिए शहर भर में एक एटीएम से दूसरे तक भटकना पड़ रहा है, लेकिन ज्यादातर मशीनें खाली मिल रही हैं। लोग को कैश के लिए बार-बार एटीएम के चक्कर लगा रहे हैं। बाजार में खरीदारी के लिए आए लोगों को नकदी न मिलने से परेशानी हो रही है। अस्पताल या अन्य जरूरी कार्यों के लिए तत्काल कैश की जरूरत वाले लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। शहरवासियों ने बैंक प्रशासन से मांग की है कि सभी एटीएम में नियमित और समयबद्ध तरीके से कैश लोडिंग सुनिश्चित की जाए।

# बाजना में पारिवारिक रंजिश के चलते पति पत्नि व पुत्री की मारपीट, पुलिस ने दोनों पक्षों पर दर्ज किया मामला

### मां बेटी का जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

**छतरपुर।**



जिले के बाजना थाना अंतर्गत गांव में पारिवारिक रंजिश में एक बार फिर खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। पारिवारिक रंजिश के चलते चचेरे परिजनों ने लाठी डंडों से शासकीय शिक्षक व उसकी पत्नी और बेटी को बेरहमी से पीटा। घायलों को डायल 112 पुलिस लेकर जिला अस्पताल पहुंची, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम को बाजना निवासी रामकुमारी पांडे और उसके पति राजकिशोर पांडे शिक्षक अपने 2 वर्षीय नाती को लेकर घर के बाहर टहल रहे थे इसी दौरान गांव के ही मोनू उर्फ मौसम पांडे और ओमकार पांडे वहां से निकले और गाली गलौच करने लगे। गाली गलौच करने का रामकुमारी पांडे ने विरोध किया जिससे विवाद बढ़ गया। आरोप है कि महेश उर्फ मुन्नु पांडे और मौसम उर्फ मोनू पांडे लाठी डंडा कुल्हाडी लेकर रानी पांडे और ओमकार पांडे के साथ मौके पर पहुंचे और शिक्षक राजकिशोर पांडे उसकी पत्नी रामकुमार पांडे के साथ मारपीट शुरू कर दी। जब मारपीट की जानकारी उनकी बच्ची शुभी पांडे को लगी तो वह बीच बचाव करने पहुंची, तो उक्त लोगों ने उस पर भी हमला कर दिया। जिससे शुभी पांडे के हाथ में गंभीर चोट आयी। यह भी बताया जा रहा है कि उसके हाथ में फैक्चर हो गया है वहीं रामकुमारी पांडे के शरीर में गंभीर चोटें बताई जा रही है। घायल शुभी पांडे का आरोप है कि उनके पिता जो पेशे से शासकीय शिक्षक हैं उन पर झूठी छेड़छाड की रिपोर्ट दर्ज कराने का दबाव बनाया जा रहा है। शिक्षक राजकिशोर पांडे के सिर पर भी चोट के निशान हैं। जिन्हें पुलिस कस्टडी में इलाज के लिए बक्सवाहा स्वास्थ्य केन्द्र भर्ती करवाया गया। आरोपियों द्वारा झूठे केस में फंसाने की धमकी दी जा रही है। जानकारी मिलते ही बाजना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल मां बेटी को पहले बडामहलहरा उपस्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने जिला अस्पताल रिफर कर दिया। जिला अस्पताल में रामकुमारी पांडे और उसकी पुत्री शुभी पांडे का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं बाजना थाना प्रभारी का कहना है कि दोनों पक्षों पर क्रास केस दर्ज किया गया है क्योंकि दोनों पक्ष आपस में लड़े थे अभी तक गिरफ्तारी किसी की नहीं हुई है।

# स्व. नारायण प्रसाद गुप्ता की स्मृति में वैश्य महा सम्मेलन ने लगाया रक्तदान शिविर



**छतरपुर।**

स्वर्गीय नारायण प्रसाद गुप्ता की पुण्य स्मृति में वैश्य महासम्मेलन की युवा जिला इकाई द्वारा मध्य प्रदेश भर में रक्तदान शिविरों की श्रृंखला चलाई जा रही है। इसी क्रम में आज जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

यह शिविर संगठन के संरक्षक उमाशंकर गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल एवं महामंत्री गोविंद दास असाटी के आवाहन पर संपन्न हुआ। वैश्य महासम्मेलन के जिला कार्यकारी अध्यक्ष ने बताया कि मानव सेवा के प्रति समर्पित इस शिविर का शुभारंभ युवा नगर अध्यक्ष कृष्ण गुप्ता ने स्वयं रक्तदान करके किया, जिससे युवाओं में सेवा भाव और समर्पण की भावना मजबूत हुई। शिविर में संगठन के पदाधिकारियों, समाजसेवियों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ब्लड डोनेट करते हुए युवा इकाई अध्यक्ष कृष्ण गुप्ता ने कहा, रक्तदान केवल एक कार्य नहीं, बल्कि किसी जरूरतमंद को जीवन देने का माध्यम है। अस्पतालों में कई गरीब मरीज ऐसे होते हैं जिनके पास परिजन नहीं होते और रक्त की कमी से उनकी जान खतरे में पड़ जाती है। ऐसे में रक्तदाता उनके लिए देवदूत बन जाते हैं। उन्होंने समाज के प्रत्येक नागरिक से नियमित रक्तदान करने की अपील की।

इस अवसर पर वैश्य महासम्मेलन के जिला प्रभारी आनंद अग्रवाल, कार्यकारी जिला अध्यक्ष गिरजा पाटकर, नगर अध्यक्ष प्रकाश जैन, युवा जिला प्रभारी राज गुप्ता, जिला अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, अमित जैन तथा 'रक्तवीर सेवा दल अभियान के संयोजक अमित जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# तेज आवाज में बज रहे डीजे सहित ऑपरेटर को पुलिस ने पकड़ा

**छतरपुर।**

**रात्रि गश्त के दौरान सिविल लाइन पुलिस ने तेज ध्वनि में मोबाइल डीजे बजाने वाली गाड़ी पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने महिंद्रा कमांडर वाहन और डीजे मशीन को जब्त कर लिया तथा डीजे ऑपरेटर को अभिरक्षा में लेकर मामला दर्ज किया है।**

पुलिस को पन्ना रोड स्थित रेलवे स्टेशन के पास लॉर्ड होटल के सामने तेज आवाज में डीजे बजने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी डीजे ऑपरेटर विशाल कुशवाहा निवासी कछियाना मोहल्ला, चौबे कॉलोनी) को अभिरक्षा में ले लिया। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता तथा मध्य प्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।




यह कार्रवाई थाना प्रभारी सतीश सिंह एवं उनकी टीम द्वारा की गई। पुलिस ने विवाह घरों के संचालकों तथा तेज ध्वनि वाले डीजे संचालकों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि निर्धारित समय सीमा और ध्वनि स्तर का सख्ती से पालन करें, अन्यथा उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# बकस्वाहा-दमोह मार्ग पर जानलेवा खतरा, सड़क धंसी, बड़ा हादसा कभी भी संभव

**बकस्वाहा।**

बकस्वाहा से दमोह जाने वाले मुख्य मार्ग पर एक बार फिर लापरवाही सामने आई है। बकस्वाहा से लगभग एक किलोमीटर दूर कॉलेज के पास हाईवे सड़क किनारे से कट गई है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों की जान पर खतरा मंडरा रहा है। हैरानी की बात यह है कि संबंधित जिम्मेदार विभाग इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

जिस स्थान पर सड़क कटी है, वहीं तीखा मोड़ भी है। ऐसे में तेज रफ्तार वाहनों के फिसलने या पलटने की आशंका लगातार बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थान हादसों को खुला निमंत्रण दे रहा है। उल्लेखनीय है कि इसी जगह पूर्व में भी एक सड़क दुर्घटना हो चुकी है, जिसमें



कॉलेज के एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई थी।

कॉलेज के छात्र राहुल ने बताया कि वे और उनके साथी रोज इसी मार्ग से कॉलेज आते-जाते हैं। सड़क का किनारा कट जाने से डर बना रहता है। राहुल का कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत या सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए, तो यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय नागरिकों और छात्रों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराई जाए और चेतावनी संकेतक व बैरिकेड्स लगाए जाएं, ताकि किसी और की जान न जाए।

# चोरी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**छतरपुर।**

कस्बा घुवारा के गल्ला व्यापारी अभिषेक उर्फ राजू जैन की दुकान से चोरी संबंधी रिपोर्ट पर थाना भगवा में भारतीय न्याय संहिता के तहत चोरी का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। घटना का वीडियो वायरल हुआ था। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्र व मार्ग के सीसीटीवी फुटेज एकत्र किए गए।

पुलिस टीम द्वारा एकत्रित साक्ष्य के आधार पर आरोपी का पता लगाया गया। महरौनी जिला ललितपुर एवं थाना भगवा क्षेत्र सहित विभिन्न स्थानों में दबिश दी गई। पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी आरोपी मल्लू उर्फ मलखान पिता नाथूराम कुशवाहा निवासी ग्राम खिरिया थाना महरौनी को महरौनी जिला ललितपुर से



गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त से चोरी की गई नगद राशि एवं आरोपी का बिना सिम मोबाइल बरामद किया गया। अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि गल्ला व्यापारी के दुकान के बाहर जाने पर मौका देखते हुए काउंटर से पैसे निकाल कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। बिना सिम के मोबाइल से व्यस्तता दिखाने के लिए दिखावटी बात कर रहा था। आरोपी अवैध हथियार, जुआ जैसे 5 से अधिक अपराधों में पूर्व से लिप्त है। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है, विवेचना कार्यवाही जारी है।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी भगवा निरीक्षक कृपाल मार्को, चौकी प्रभारी घुवारा उप निरीक्षक मोहर सिंह सिकरवार, थाना प्रभारी बमनोरा उप निरीक्षक शिशिर तिवारी, सउनि शिवराम नायक, आरक्षक राजेश, रोहित, विजय, दीपक, ऋषिकेश एवं टीम की भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### जनगणना समन्वय समिति की बैठक आज

**रीवा** । कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक 9 फरवरी को आयोजित की जायेगी। बैठक कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में टीएल बैठक के बाद आरंभ होगी। बैठक में समिति के सभी सदस्यों को उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं।

### कलेक्टर आज करेगी टीएल पत्रों की समीक्षा

**रीवा**। कलेक्टर प्रतिभा पाल 9 फरवरी को टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेगी। बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से आरंभ होगी। बैठक में ई-आफिस व्यवस्था तथा समय सीमा के पत्रों की भी समीक्षा की जायेगी। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

### जिला अस्पताल में अवैध रूप से पैसे लेने की शिकायत

**कटनी**। मिलन ब्लड डोनर सोसायटी द्वारा सिविल सर्जन को शिकायती पत्र सौंपकर जिला अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजनों से पैसे लेने की शिकायत की गई है। पत्र में इस बात का उल्लेख किया गया है कि राधा यादव (उषा बाई) द्वारा सरकारी अस्पताल में भर्ती मरीज श्रीमती सुलोचना अहिरवार के अटेंडर/पति राकेश अहिरवार से अवैध रूप से रू. 2000 रूपए लिए गए। रात्रि में ब्लड बैंक स्टाफ से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त मरीज की स्थिति अत्यंत गंभीर थी, लगातार ब्लीडिंग हो रही थी तथा ऑपरेशन प्रस्तावित था। रात्रि के समय आवाज देकर मरीज के पति से रू. 2000 की मांग की गई, जिसे उन्होंने दे दिया। पश्चात संस्था की ओर से तत्काल हस्तक्षेप करते हुए मरीज के पति एवं संबंधित कर्मचारी श्रीमती राधा यादव से बातचीत की गई, जिसके बाद मरीज को पूरी राशि रू. 2000 वापस करवाई गई। संबंधित कर्मचारी श्रीमती राधा यादव के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित किया जाए, ताकि कर्मचारियों में भय एवं अनुशासन बना रहे।

### दुकान के दराज से 10 हजार रूपये किये पार

**कटनी**। कोतवाली थाना अंतर्गत नदीपार क्षेत्र में अज्ञात व्यक्ति ने दुकान में घुसकर दराज में रखे हजारों रुपये पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार संजय कुमार झामनानी निवासी गुरुनानक वार्ड ने पुलिस से की गई शिकायत में बताया कि वे अपनी दुकान पर मौजूद नहीं थे, इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने दुकान के भीतर प्रवेश किया। आरोपी ने दराज की तलाशी ली और उसमें रखे 10,000 रुपये नगद चोरी कर फरार हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपितों की पहचान की जा सके।

### ऑटो से नीचे गिरे युवक की थम गई सांसें

**कटनी**। विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिनगौडी के पास हुए हादसे में एक युवक की मौत हो गई। युवक ऑटो से नीचे गिर गया था जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और उसने दम तोड़ दिया। हादसा 6 फरवरी की शाम लगभग 5:45 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार ग्राम बकेली निवासी नीरज कोल 21 वर्ष अपने साथी हल्के कोल 18 वर्ष के साथ ऑटो से जा रहा था। सिनगौडी ग्राम से करीब दो किलोमीटर आगे बकेली रोड पर स्थित खेतों के पास एक मोड़ पर नीरज अचानक ऑटो से नीचे गिर गया। सिर के बल जमीन पर गिरने के कारण उसे घातक चोटें आईं। घटना की सूचना मिलने पर विजयराघवगढ़ पुलिस ने मामला पंजीबद्ध किया गया है।

### अज्ञात व्यक्तियों ने दो युवकों पर किया हमला

**कटनी**। कुठला थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश के चलते पांच अज्ञात हमलावरों ने एक राय होकर दो युवकों के साथ गाली-गलौज की और उन पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना शुक्रवार रात को हुई। जानकारी के अनुसार पीड़ित सोनू चौधरी 20 वर्ष निवासी झुकेही अपने साथी माधव पाण्डेय के साथ ट्रांसपोर्ट नगर के पास मौजूद था।

# अर्बन चैलेंज फंड के तहत 1000 करोड़ की समग्र विकास योजना

**एसीएस संजय दुबे ने रीवा नगर विकास की समीक्षा प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छता, सीवरेज, जलप्रदाय, टाउन प्लानिंग और राजस्व वसूली पर हुई विस्तृत समीक्षा**



रीवा । नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे की अध्यक्षता में रविवार को कलेक्ट्रेट रीवा स्थित मोहन सभागार में नगर पालिक निगम रीवा की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, अमृत योजना, जलप्रदाय, सीवरेज, टाउन प्लानिंग, राजस्व वसूली सहित नगर विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल, अपर आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग दिव्यांक सिंह, नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे सहित एमपीयूडीसी तथा नगर निगम की निर्माण, राजस्व, वित्त एवं स्वास्थ्य शाखा के अधिकारी उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 एवं 2.0 के अंतर्गत एएचपी, बीएलसी, एआरएच, आईएसएस एवं इन-सीटू स्लम रिहैबिलिटेशन घटकों की विस्तृत समीक्षा की गई। अपर मुख्य सचिव ने एएचपी (अफोर्डेबल हाउसिंग इन पार्टनरशिप) घटक पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एएचपी मद में व्यय राशि के समायोजन हेतु एलआईजी एवं एमआईजी भवनों से प्राप्त राशि का प्रभावी उपयोग किया जाए। बीएलसी (बेनिफिशियरी लेड कंस्ट्रक्शन) योजना के अंतर्गत अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने तथा पात्र हितग्राहियों को आवश्यकतानुसार अंतिम किश्त का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इन-सीटू स्लम रिहैबिलिटेशन की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने शिवनगर में क्रॉस-कम्पनसेशन आधारित परियोजना एवं निराला नगर बस्ती के पुनर्वास कार्य की प्रगति से अवगत कराया, जिस पर अपर मुख्य सचिव ने संतोष व्यक्त किया।अफोर्डेबल रेंटल हाउसिंग पर 300 इकाइयों की योजना रीवा में बढ़ते माइग्रेशन को ध्यान में रखते हुए एआरएच (अफोर्डेबल रेंटल हाउसिंग) योजना पर विशेष कार्य करने के निर्देश दिए गए। औद्योगिक क्षेत्रों से समन्वय स्थापित कर श्रमिकों एवं कर्मचारियों के लिए सर्वसुविधायुक्त लगभग 300 आवासीय इकाइयों की परियोजना तैयार करने को कहा गया। आईएसएस योजना में अपेक्षित प्रगति न होने पर उन्होंने शासकीय एवं निजी कर्मचारियों को केंद्र में रखकर योजना को प्रभावी रूप से लागू करने तथा आवास उपलब्धता के लिए प्रोत्साहन देने के निर्देश दिए।स्वच्छता में 7 स्टार और वॉटर प्लस का लक्ष्यस्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अपर मुख्य सचिव ने कहा कि रीवा का स्वच्छता स्तर लगातार बेहतर हो रहा है और इस वर्ष नगर निगम को 7 स्टार एवं वॉटर प्लस श्रेणी प्राप्त करने का लक्ष्य रखना चाहिए।उन्होंने व्यावसायिक क्षेत्रों एवं मुख्य मार्गों पर नाइट स्वीपिंग एवं मैकेनिकल स्वीपिंग अनिवार्य रूप से लागू करने, स्वीपिंग मशीनों की संख्या बढ़ाने तथा जनसहभागिता और पब्लिक फीडबैक को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। स्रोत पर कचरा पृथक्करण की स्थिति में निरंतर सुधार लाने पर विशेष बल दिया गया।अमृत योजना के तहत सीवरेज और एसटीपी की समीक्षाअमृत 1.0 योजना के अंतर्गत सीवरेज परियोजना की समीक्षा में हाउस सर्विस कनेक्शन की प्रगति लगभग 25 प्रतिशत पाई गई। अपर मुख्य सचिव ने हाउस कनेक्शन की संख्या शीघ्र बढ़ाने तथा संविदाकार को भुगतान हाउस कनेक्शन की प्रगति के अनुपात में ही करने के निर्देश दिए। सभी निर्मित एवं निर्माणाधीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) को शीघ्र क्रियाशील करने तथा सीवर जल का पूर्ण उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। पूर्व में बाढ़ से क्षतिग्रस्त 12 एमएलडी क्षमता के प्लांट के पुनर्निर्माण हेतु अमृत 2.0 योजना की शेष राशि से स्वीकृति प्रदान की गई। रोड कटिंग कार्यों में कोर कटिंग मशीन के अनिवार्य उपयोग के निर्देश भी दिए गए।अपर मुख्य सचिव ने अर्बन चैलेंज फंड (यूसीएफ) के अंतर्गत लगभग 1000 करोड़ रुपये की समग्र विकास योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में तेजी से हो रहे अधोसंरचना विकास और भविष्य की आवश्यकताओं का आकलन कर ठोस कार्ययोजना बनाई जाए।इस योजना में हाउसिंग प्रोजेक्ट, नदी के बैक फ्लो से बाढ़ की समस्या के समाधान, मल्टीलेवल पार्किंग, स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज, पुरानी पाइपलाइनों के परिवर्तन जैसे कार्यों को शामिल करने के साथ ही ब्लू और ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर पर विशेष जोर देने के निर्देश दिए गए। डिजास्टर मैनेजमेंट के तहत एसडीआरएफ से फंड प्राप्त करने हेतु भी परियोजनाएं तैयार करने को कहा गया।जलप्रदाय और पाइपलाइन क्षति पर सख्तीवॉटर सप्लाई की समीक्षा में सभी जलप्रदाय प्रणालियों को स्काडा सिस्टम से जोड़ने तथा इसकी जानकारी राज्य स्तर पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए। जल शोधन संयंत्र से ट्रीटेड पानी की ही आपूर्ति सुनिश्चित करने और नियमित क्लोरीनेशन पर बल दिया गया। पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में मरम्मत कार्य केवल अनुबंधित कंपनी के कुशल कर्मचारियों से कराए जाने तथा व्यय संबंधित एजेंसी से वसूलने के निर्देश दिए गए। पाइपलाइन क्षति पर 10 गुना दंडात्मक कार्रवाई हेतु शासन स्तर से एसओपी जारी करने की बात भी कही गई।टाउन प्लानिंग और अनियोजित विकास पर नियंत्रण टाउन प्लानिंग एवं शहरी विकास की समीक्षा करते हुए अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि टाउन प्लानिंग स्कीम (टीपीएस) मुख्य रूप से शहर के बाहरी क्षेत्रों में लागू की जाए, ताकि अनियोजित विकास को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि रीवा में टाउन प्लानर विशेष समय देकर कच्चे एवं अविकसित क्षेत्रों को सुव्यवस्थित शहरी ढांचे में विकसित करने हेतु कार्ययोजना तैयार करेंगे। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि शासकीय विभागों को भी भवन निर्माण से पूर्व विधिवत बिल्डिंग परमिशन लेना अनिवार्य होगा, जिसके लिए राज्य स्तर से सर्कुलर जारी किया जाएगा।राजस्व वसूली पर कड़े निर्देशराजस्व वसूली की समीक्षा में संपत्तिकर एवं जलकर की एकीकृत आईडी तैयार करने के निर्देश दिए गए। वसूली के लिए विशेष रूप से व्यावसायिक कर संपत्तियों का चिन्हांकन कर 31 मार्च तक शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने हेतु सघन अभियान चलाने को कहा गया।व्यावसायिक उपयोग वाले आवासीय भवनों पर व्यावसायिक दर से कर अधिरोपित कर वसूली सुनिश्चित करने तथा डोर-टू-डोर वसूली अभियान तेज करने के निर्देश दिए गए। अपर मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि मार्च तक व्यावसायिक बकायादारों की संख्या शून्य होनी चाहिए, अन्यथा शासन स्तर से कार्रवाई की जाएगी।रेलवे संपत्तियों पर सेवा प्रभार की वसूली अन्य शासकीय भवनों के समान करने तथा संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु जिला एवं राज्य स्तर पर समन्वय स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए। नगर निगम रीवा को लंबित ट्रेड लाइसेंस अनुमतियां शीघ्र जारी करने पर भी चर्चा हुई।

## बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में राजेन्द्र दास करेंगे गौ कथा एवं गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर कथा उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की







**रीवा** । बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में 12 से 14 फरवरी तक मलूक पीठाधीश्वर राजेन्द्र दास महाराज गौ कथा एवं गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर अपनी अमृतमयी वाणी से कथा करेंगे। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आयोजन की तैयारियों के संबंध में बसामन मामा गौवंश वन्य विहार के प्रशासनिक भवन में आयोजित बैठक में सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजेन्द्र दास जी की कथा से गौ संरक्षण एवं प्राकृतिक खेती को बल मिलेगा। गौ अभ्यारण्य परिसर में आयोजित होने वाली कथा अप्रतिम व भव्य होगी। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बैठक में निर्देश दिए कि महाराज जी एवं उनके साथ आने वाले संतों के रूकने की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। बैठक व्यवस्था से लेकर पार्किंग तथा प्रसाद वितरण आदि की व्यवस्थाओं सहित प्रचार-प्रसार समिति आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। शुक्ल ने कहा कि इस कथा में सभी की सक्रिय भागीदारी रहे। कार्यक्रम स्थल में डॉक्टर्स की टीम की उपलब्धता एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। आयोजन स्थल में बनने वाला प्रसाद में प्राकृतिक खेती से उत्पादित अन्न व सब्जी का ही उपयोग किया जायेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि आयोजन के संबंध में जिन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसका वह सजगता से निर्वहन करें। उल्लेखनीय है कि बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में 12 से 14 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक महाराज श्री की कथा होगी। बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में द्वितीय चरण में दुधारू गौवंश संरक्षित किये जायेंगे -उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बैठक में बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में द्वितीय चरण में दुधारू गौवंश के संरक्षण हेतु बनाये जाने वाले शेड व अन्य निर्माण कार्यों की कार्य योजना का अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि गौवंश वन्य विहार से लगी 10 एकड़ भूमि में दुधारू गाय, बछड़ा व गर्भवती गायों के लिए शेड सहित भूसा शेड का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में बेसहारा गौवंश के लिए संरक्षण केन्द्र स्थापित है। यहां प्राकृतिक खेती भी हो रही है। आने वाले समय में शेष भूमि में दुधारू गौवंश का संरक्षण भी किया जायेगा। इस प्रकार इस गौवंश वन्य विहार में दोनों मॉडल हो जायेंगे। श्री शुक्ल ने कहा कि निर्माणाधीन सड़क मार्ग के दोनों तरफ पीपल का पौधरोपण किया जायेगा। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को व्यवस्थायें करने के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में निर्देश दिये कि निर्माण कार्यों की लंबित राशि का भुगतान संबंधितों को शीघ्र करें। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रात्रि विश्राम गौवंश वन्य विहार में किया। प्रातः भ्रमण के दौरान उन्होंने प्राकृतिक खेती तथा गौसंरक्षण स्थल सहित कथा स्थल का अवलोकन किया। श्री शुक्ल ने भगवान कृष्ण की पूजा-अर्चना की तथा गौपूजन कर गाय को आहार खिलाया। श्री शुक्ल को प्राकृतिक खेती से पैदा हुई सब्जियाँ अवलोकन के लिए सौंपी गयी। इस दौरान वनमण्डलाधिकारी, अभय जयराम महाराज, डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, गौवंश वन्य विहार के सचिव डॉ. राजेश मिश्रा, पूर्व उपाध्यक्ष गौसंवर्धन बोर्ड राजेश पाण्डेय, सीएमएचओ डॉ. यत्नेश त्रिपाठी, सीईओ जनपद हरिश्चन्द्र द्विवेदी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन गेम की लत ने नाबालिग को बनाया चोर, मां के 15 लाख के जेवर उड़ाए, पुलिस ने सीधी से किया बरामद



**रीवा**। जिले से ऑनलाइन गेमिंग की लत से जुड़ा एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां ऑनलाइन गेम में कर्जदार हुए एक नाबालिग ने पैसों की जरूरत पूरी करने के लिए अपनी ही मां के करीब 15 लाख रुपये कीमत के सोने के जेवर चोरी कर लिए। हालांकि पुलिस की तत्परता से जेवरात बरामद कर लिए गए और परिजनों को सौंप दिए गए हैं। घटना चोरहटा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, सीधी जिले की रहने वाली महिला अपनी बहन के यहां रीवा के मैदानी क्षेत्र में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आई थी। महिला शनिवार दोपहर करीब 2 बजे कार्यक्रम से फ्री होकर कमरे में पहुंची और अपने कीमती जेवर उतारकर सुरक्षित स्थान पर रखे। कुछ ही मिनटों बाद जब उसने देखा तो जेवर गायब थे। महिला ने पहले अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला तो चोरहटा थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। इसी दौरान पुलिस को पता चला कि घटना के बाद से महिला का नाबालिग पुत्र भी घर से गायब है।थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने बताया कि संदेह के आधार पर नाबालिग की लोकेशन ट्रेस की गई, जो सीधी जिले में पाई गई। इसके बाद पुलिस टीम तत्काल सीधी रवाना हुई और नाबालिग को वहां से बरामद कर लिया गया, हालांकि प्रारंभिक पूछताछ में चोरी गया सामान उसके पास नहीं मिला।पुलिस नाबालिग को लेकर वापस रीवा आई और गहन पूछताछ की। पूछताछ के दौरान नाबालिग ने स्वीकार किया कि उसने चोरी किए गए जेवर सीधी में अपने एक दोस्त के घर छिपा रखे हैं। इसके बाद पुलिस टीम एक बार फिर सीधी पहुंची, जहां बताए गए स्थान से करीब 15 लाख रुपये कीमत के सोने के जेवरात बरामद कर लिए गए।पुलिस पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि वह मोबाइल फोन पर ऑनलाइन गेम खेलता था, जिसमें वह लगातार पैसे हार रहा था। गेम में हुए नुकसान की भरपाई के लिए उसे पैसों की जरूरत पड़ी, इसी कारण उसने चोरी की योजना बनाई और अपनी मां के ही जेवर चुरा लिए। थाना प्रभारी आशीष मिश्रा के अनुसार, बरामद किए गए सभी जेवरात महिला को सुपुर्द कर दिए गए हैं। चूंकि आरोपी नाबालिग है और मां ने अपने पुत्र के खिलाफ किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से इनकार किया है, इसलिए प्रकरण में परिजनों को समझाइश दी गई है।

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने धारकुंडी आश्रम के संस्थापक स्वामी परमहंस सच्चिदानंद महाराज के देवलोकगमन पर व्यक्त किया शोक

**रीवा** । उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने महान संत, आध्यात्मिक गुरु एवं सतना स्थित धारकुंडी आश्रम के संस्थापक स्वामी परमहंस सच्चिदानंद महाराज के देवलोकगमन पर गहन शोक व्यक्त किया है। उप मुख्यमंत्री शशुक्ल ने कहा कि पूज्य स्वामी जी का संपूर्ण जीवन धर्म, अध्यात्म और मानव सेवा को समर्पित रहा। उनका गोलोकगमन न केवल उनके असंख्य शिष्यों, बल्कि सम्पूर्ण समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपने विचारों और आचरण से जनमानस को सदैव सत्य, अहिंसा और आध्यात्मिक मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और उनके अनुयायियों एवं शोकाकुल परिवारजनों को इस दुःख की घड़ी में संबल एवं शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रीवा एयरपोर्ट से भोपाल रवाना हुए



**रीवा** । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सतना जिले के प्रवास के उपरांत हेलीकाप्टर द्वारा रीवा एयरपोर्ट पहुंचे। तदुपरांत वायुयान द्वारा भोपाल रवाना हो गये। मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल भी भोपाल रवाना हुये। रीवा एयरपोर्ट में कलेक्टर प्रतिभा पाल, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## सोहागी में कार और बाईक की टक्कर, किशोर की मौत

**रीवा**। जिले के तराई अंचल स्थित सोहागी कस्बे में रविवार सुबह हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार किशोर की मौत हो गई। यह हादसा सुबह करीब 9 बजे सोहागी चौराहे के पास हुआ, जहां बाइक और कार की आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार को जप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोहागी निवासी साहिल कुशवाहा (उम्र 17 वर्ष) रविवार सुबह बाइक से कहीं जा रहा था। इसी दौरान सोहागी चौराहे के समीप सामने से तेज रफ्तार में आ रही एक कार से उसकी बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि साहिल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।स्थानीय लोगों की मदद से घायल साहिल को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की असामयिक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही सोहागी पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त कार को जप्त कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है, हालांकि पुलिस जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। बताया जा रहा है कि मृतक साहिल कुशवाहा सोहागी कस्बे में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान संचालित करता था और कम उम्र में ही अपने परिवार की जिम्मेदारियां संभाल रहा था। उसकी मौत की खबर फैलते ही कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय व्यापारियों और परिचितों ने दुकानें बंद रखकर शोक व्यक्त किया।फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंपने की तैयारी कर रही है। इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## विश्व कैंसर दिवस पर विंध्या कैंसर केयर फाउंडेशन व नेशनल अस्पताल के तत्वधान निकाली गई जागरूकता रैलीकैंसर वारियर्स' का हुआ



**रीवा**। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर रीवा में भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शहर में रविवार को विंध्य कैंसर केयर फाउंडेशन व नेशनल अस्पताल के तत्वधान में जन जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें डॉक्टर्स, सामाजिक संगठन, समाजसेवी और स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। रैली की शुरुआत कलेक्ट्रेट परिसर से हुई और यह प्रमुख शहर मार्गों से होते हुए कालेज चौराहा स्थित अटल पार्क पर समाप्त हुई। इस दौरान कैंसर विशेषज्ञ चिकित्सकों ने आमजन को कैंसर के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान कैंसर जैसी बीमारी से उबर चुके मरीजों को 'वारियर्स' के रूप में सम्मानित भी किया गया। डॉ. अखिलेश पटेल ने इस मौके पर कहा कि रैली का मुख्य उद्देश्य विंध्य क्षेत्र के लोगों में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि लोगों को यह समझना जरूरी है कि कैंसर से डरने की जरूरत नहीं है और समय पर सही इलाज से इसे मात दी जा सकती है। सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा कि विंध्य क्षेत्र के मरीजों के लिए रीवा में 100 बेड का कैंसर अस्पताल बनना सुनिश्चित किया जाएगा, जो क्षेत्र के लोगों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने यह भी बताया कि केंद्र सरकार ने कैंसर की महंगी दवाओं को सस्ता कर दिया है, जिससे मरीजों को राहत मिलेगी। सांसद ने कहा कि सरकार और सामाजिक संगठनों द्वारा किए जा रहे जागरूकता अभियान और विभिन्न प्रयास निश्चित रूप से आने वाले समय में कैंसर जैसी बीमारी को समाप्त करने में मदद करेंगे। रैली में शामिल लोगों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने परिवार और समाज में कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने में सहयोग करेंगे।

## मऊगंज में यातायात नियम तोड़ने वालों पर पुलिस की चालानी कार्रवाई

# 89 वाहन चालकों से 88 हजार जुर्माना वसूला गया



**मऊगंज। जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए विशेष अभियान चलाया। यह अभियान 1 फरवरी से 7 फरवरी 2026 तक संचालित किया गया, जिसके दौरान कुल 89 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई और 87,900 का जुर्माना वसूला गया।यातायात पुलिस द्वारा यह कार्रवाई रॉन्ग साइड वाहन चलाने, बिना हेलमेट, बिना बीमा, गलत नंबर प्लेट, पॉलिसी संबंधी खामियों सहित अन्य यातायात धाराओं के तहत की गई।**

अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण और आम नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।यह विशेष अभियान पुलिस अधीक्षक मऊगंज दिलीप सोनी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह एवं एसडीओपी सच्ची पाठक के मार्गदर्शन में तथा यातायात प्रभारी नरेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संचालित किया गया।यातायात पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें, हेलमेट पहनकर वाहन चलाएं, वाहन के वैध दस्तावेज साथ रखें और सड़क पर जिम्मेदारीपूर्ण एवं सुरक्षित यात्रा करें। पुलिस का कहना है कि आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## कलेक्टर से मिली सीएम राइज की छात्रा, बोली - मुझे भी आईएएस बनना है



**मऊगंज**। सीएम राइज स्कूल की चौथी कक्षा की छात्रा श्रेया तिवारी ने कलेक्टर बनने की इच्छा जताकर सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। हाल ही में मऊगंज कलेक्टर डॉ. संजय जैन से मुलाकात के दौरान जिस आत्मविश्वास के साथ श्रेया ने आईएएस बनने की बात कही, उससे कलेक्टर भी प्रभावित हुए। मुलाकात के दौरान कलेक्टर डॉ. जैन ने श्रेया के आत्मविश्वास और स्पष्ट सोच की सराहना करते हुए उसे स्नेह स्वरूप पेन एवं सरकारी डायरी भेंट की और उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। रीवा के वार्ड क्रमांक 26 की निवासी श्रेया तिवारी एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने परिवार के साथ मऊगंज आई थीं। इसी दौरान उन्हें कलेक्ट्रेट में कलेक्टर से मिलने का अवसर मिला। बातचीत के दौरान श्रेया ने बताया कि वह गवर्मेंट स्कूल में पढ़ती हैं और इस बात पर उन्हें गर्व है। कलेक्टर द्वारा स्कूल के बारे में पूछे जाने पर श्रेया ने अपने शिक्षकों की जमकर प्रशंसा की और बताया कि उनकी बड़ी बहन ज्योति दूसरे स्कूल में पढ़ती है, लेकिन इससे उन्हें कोई मलाल नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्हें सरकारी स्कूल की छात्रा होने पर गर्व है।